दैनिक भास्कर    नर्मदापुरम    27-08-2026

**नर्मदा कॉलेज •** संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता के संदेश को लेकर रचनात्मक प्रतियोगिताएं हुईं

# चित्रकला, भाषण से बताया संत रविदास का जीवन दर्शन

भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

संत रविदास की 650वीं जयंती पर स्थानीय नर्मदा कॉलेज में समरसता के संदेश को लेकर रचनात्मक प्रतियोगिताएं हुईं। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण, निबंध के जरिए संत रविदास के जीवन-दर्शन, विचारों को प्रभावशाली ढंग से रखा। आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी तक समानता, बंधुत्व, सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा, संत रविदास भक्ति काल के महान कवि थे। समाज सुधारक थे। उनका दर्शन आपसी भाईचारे पर आधारित था। श्रम के महत्व पर आधारित था। आंतरिक पवित्रता पर आधारित था। उन्होंने कहा, उनके विचार आज भी समाज को दिशा दिखाते हैं। इस दौरान डॉ. केजी मिश्र ने संत रविदास की निर्गुण भक्ति की उपासना पर प्रकाश डाला। उनके दास्य भाव पर भी विस्तार से बताया।



## इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

- **निबंध:** धर्मेंद्र कटारे अव्वल रहे, द्रविता बैरागी द्वितीय और अनुश्री मालवी तृतीय स्थान पर रहीं।
- **भाषण:** शिवांशु मिश्रा प्रथम रहे, जबकि गणेश राय ने द्वितीय और किरण परिहार ने तृतीय स्थान हासिल किया।
- **चित्रकला:** डॉली प्रथम, सानिया मिर्जा द्वितीय और सुरभि साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रविदास के भजनों की दी प्रस्तुति

आयोजन के दौरान भक्ति भावना से ओतप्रोत संत रविदास के दोहे और भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। यह पूरा आयोजन डॉ. प्रीति आनंद उदयपुरे और डॉ. कल्पना विश्वास के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रतिवेदन डॉ. अंजना यादव ने तैयार किया। इस दौरान डॉ. यास्मीन खान, डॉ. कुमुदिनी गार्गव, डॉ. मनीष परिहार, डॉ. नित्या पटेरिया, डॉ. सविता मानेकर, चंद्रप्रभा सोनी, हेमंत गोहिया, रीनू वर्मा, सेजल राजपूत, मेघा रावत, डॉ. गरिमा दुबे, डॉ. रोशनी थापक और डॉ. योगेन्द्र सिंह की विशेष सहभागिता रही।

ताप्ती समन्वय
27/8/26

# नर्मदा कॉलेज में संत श्री रविदास जयंती पर चित्रकला, भाषण प्रतियोगिताएं



**नर्मदापुरम्,ताप्ती समन्वय।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में संत रविदास की 650 की जयंती के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।विद्यार्थियों ने अपनी विधाओं के द्वारा समरसता संकल्प और उनकी शिक्षाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत श्री रविदास जी के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने के साथ समाज में समानता और समरसता के संदेश को देना रहा ।प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने इस अवसर पर संत श्री के विचार ,जीवन दर्शन और मूल्यों को केंद्रित करते हुए बताया कि संत रविदास भक्ति काल के महान कवि और समाज सुधारक रहे । उनका दर्शन आपसी भाईचारे ,श्रम का महत्व और आंतरिक पवित्रता पर आधारित रहा । डॉ के जी मिश्र ने रविदास की निर्गुण भक्ति की उपासना और दास्य भाव पर प्रकाश डाला। डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे और डॉ कल्पना विश्वास के संयोजन में डॉ यास्मीन खान, डॉ कुमुदिनी गार्गव, डॉ मनीष परिहार,डॉ नित्या पटेरिया, डॉ सविता मानेकर, चंद्रप्रभा सोनी ,हेमंत गोहिया ,रीनू वर्मा, सेजल राजपूत, मेघा रावत, डॉ गरिमा दुबे, डॉ रोशनी थापक, डॉ योगेन्द्र सिंह द्वारा प्रतियोगिताएं संपन्न की गई । परिणाम इस प्रकार रहे:-

चित्रकला प्रतियोगिता:-

डॉली प्रथम

सानिया मिर्जा द्वितीय सुरभि साहू तृतीय

भाषण :-

शिवांशु मिश्रा प्रथम

गणेश राय द्वितीय

किरण परिहार तृतीय

निबंध:-

धर्मेंद्र कटारे प्रथम

द्रविता बैरागी द्वितीय अनुश्री मालवी तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान संत रविदास जी के दोहों और भजनों का गायन भी किया गया। डॉ अंजना यादव ने प्रतिवेदन तैयार किया।

# चित्रकला में डाली और भाषण में शिवांशु प्रथम

## संत श्री रविदास जयंती पर नर्मदा कालेज में आयोजित की गईं प्रतियोगिताएं

**नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरम:** नर्मदा कालेज में संत रविदास की 650 की जयंती के अवसर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी विधाओं के द्वारा समरसता संकल्प और उनकी शिक्षाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने के साथ समाज में समानता और समरसता के संदेश को देना रहा ।

प्राचार्य डा. आरके चौकसे ने इस अवसर पर संत के विचार ,जीवन दर्शन और मूल्यों को केंद्रित करते हुए बताया कि संत रविदास भक्ति काल के महान कवि और समाज सुधारक रहे। उनका दर्शन आपसी भाईचारे ,श्रम का महत्व और आंतरिक पवित्रता पर आधारित रहा।

डा. केजी मिश्र ने रविदास की निर्गुण भक्ति की उपासना और दास्य भाव पर प्रकाश डाला। डा. प्रीति आनंद उदयपुरे और डा. कल्पना विश्वास के संयोजन में डा. यास्मीन खान, डा. कुमुदिनी गार्गव, डा. मनीष परिहार द्वारा प्रतियोगिताएं संपन्न की गईं। इस दौरान डा. अंजना यादव ने प्रतिवेदन तैयार किया।




प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बनाई आकर्षक पेंटिंग ।● नवदुनिया

चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रा डाली ने प्रथम, सानिया मिर्जा ने द्वितीय और सुरभि साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में शिवांशु मिश्रा ने प्रथम, गणेश राय ने द्वितीय और किरण परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में धर्मेंद्र कटारे ने प्रथम, द्रविता बैरागी ने द्वितीय और अनुश्री मालवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।